<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय के 11 कार्मिक सेवानिवृत्त</u>

पंतनगर। 30 जून 2023। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से जून, 2023 माह में 11 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए। सभी कार्मिकों को उनके विभागाध्यक्षों द्वारा भावभींनी विदाई दी गई। सभी विभागाध्यक्षों ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्मिकों के अथक परिश्रम से विवि को सर्वोच्च मुकाम हासिल किया। इसके लिए उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में विश्वविद्यालय चिकित्सालय के दंत चिकित्सक डा. पंकज अग्रवाल, प्रसार निदेशालय के कनिष्ठ वैज्ञानिक डा. भूपेन्द्र वीर सिंह, कृषि महाविद्यालय के कनिष्ठ वैज्ञानिक डा. शिवजी सिंह, सामान्य खंड, निर्माण खंड व जल खंड में सहायक लेखाधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रौद्योगिक महाविद्यालय में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक किफायत उल्ला खान, जल खंड में पंप चालक नारायण सिंह, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में मैकेनिक मेवाराम यादव, कुलपति कार्यालय में पत्रवाहक रवीन्द्र प्रसाद शर्मा, शोध निदेशालय में पत्रवाहक बहाली साह, तथा स्वच्छक सोमवती व लक्ष्मी देवी शामिल हैं। उधर सहायक लेखाधिकारी सुशील श्रीवास्तव एवं पंप चालक नारायण सिंह को निर्माण एवं संयंत्र में निदेशक डा. ज्योति प्रसाद ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विभाग को दो कर्मठ कर्मियों की कमी हमेशा खलेगी।

**निदेशक संचार**